जनपद हमीरपुर

दिनांक 05.06.2026

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया वृक्षारोपण।

आज दिनांक 05.06.2026 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा वृहद वृक्षारोपण जन अभियान के अंतर्गत पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण करते हुए सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया,उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वृक्षारोपण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने तथा आमजन को भी इस अभियान से जोड़ने की अपील की।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा जनपद को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया। साथ ही जनपदवासियों से भी वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने एवं लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने की अपील की गई।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

क्षेत्राधिकारी लाइन्स
जनपद हमीरपुर।